भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2947

दिनांक 13.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम की पहुंच का विस्तार

2947 श्रीमती साधना सिंह:

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:

श्रीमती रेखा शर्मा:

श्रीमती सीमा द्विवेदी:

श्री केसरीदेवसिंह झाला:

श्री नरेश बंसल:

श्री अमर पाल मौर्य:

श्री बाबू राम निषाद:

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2024–25 और वर्ष 2025–26 के दौरान भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले देशों और विदेशी नागरिकों की संख्या कितनी–कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आई.टी.ई.सी कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया बजटीय आवंटन और व्यय कितना है;

(ग) हाल ही में आईटीईसी के अंतर्गत जोड़े गए नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों या संस्थानों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का प्रस्ताव आई.टी.ई.सी की पहुंच को किन्हीं नए भागीदार देशों तक बढ़ाने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(**श्री कीर्तवर्धन सिंह**)

(क) एवं (ख) विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत हैं:

	2024–25	2025–26
भाग लेने वाले देशों की संख्या	127	126
आई.टी.ई.सी. प्रतिभागियों की संख्या	10207	10909
बजटीय आवंटन	180 करोड़ रुपये	180 करोड़ रुपये
किया गया व्यय	194.66 करोड़ रुपये	194.37 करोड़ रुपये

(ग) अप्रैल 2024 से आईटीईसी के तहत जोड़े गए नए संस्थानों की संख्या 35 है और उन्होंने 31 जुलाई 2026 तक कुल 62 पाठ्यक्रम संचालित किए हैं।

(घ) वर्तमान में, ग्लोबल साउथ के देशों सहित 166 विकासशील देश आई.टी.ई.सी. के भागीदार देश हैं। जब भी कोई नया देश आई.टी.ई.सी. कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करता है, तो सरकार द्वारा उस पर विचार किया जाता है।

*****